आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक-290 ● कटनी ● शुक्रवार, 26 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



## 26/11 मुंबई हमले के 13 साल नहीं जागी पाकिस्तान की आत्मा

### न्याय दिलाने में नहीं दिखाई ईमानदारी

**नई दिल्ली।** मुंबई में हुए भयानक हमले को 26 नवंबर, 2021 यानी आज पूरे 13 साल हो गए. आज ही का दिन था। जब पाकिस्तान में मौजूद जिहादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 लोगों ने मुंबई के ताज होटल पर हमला कर दिया था और 4 दिनों में 12 हमलों को अंजाम दिया था। ताजमहल पैलेस होटल, नरीमन हाउस, मेट्रो सिनेमा और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस सहित अन्य स्थानों पर हुए हमलों में 15 देशों के 166 लोग मारे गए थे। साल 2008 के नवंबर में हुए मुंबई हमले को 26/11 के नाम से भी याद किया जाता है। इस हमले के बाद ऐसा पहली बार हुआ था जब वैश्विक स्तर पर इतने बड़े पैमाने पर निंदा की गई थी और इस हमले ने ही केंद्र सरकार को अपने आतंकवाद विरोधी अभियानों को गंभीर रूप से बढ़ाने और पाकिस्तान के साथ पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों के कई पहलुओं की फिर से जांच करने के लिए प्रेरित किया। सुरक्षा बलों ने अजमल कसाब नाम के एक एकमात्र हमलावर को पकड़ा था जिसने बाद में पुष्टि की कि इस हमले की योजना की पूरी प्लानिंग लश्कर और पाकिस्तान में मौजूद दूसरे आतंकी संगठनों ने की थी। देश की खुफियां एंजेसियों ने कसाब के जरिए पता किया कि सभी हमलावर पाकिस्तान से आए थे और उन्हें कंट्रोल करने वाले लोग भी वहीं से काम कर रहे थे।

### 40 जहाज, 10 विमान प्रतिदिन समुद्र में गश्त करते हैं

आईसीजी के महानिदेशक के नटराजन ने कहा कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 2009 से तटीय राज्य के अधिकारियों के साथ समन्वय में 300 से अधिक तटीय सुरक्षा अभ्यास और अभियान चलाए हैं। उन्होंने कहा कि बल अब लगभग 40-44 जहाजों और 10-12 विमानों को भारत के चारों ओर समुद्र में गश्त के लिए दैनिक आधार पर निगरानी बनाए रखने के लिए तैनात करता है।



## बिना नाम लिए पीएम का कांग्रेस पर तंज

# फॉर द फैमिली, बाय द फैमिली... आगे कहने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** देश आज 71वां संविधान दिवस मना रहा है। इस मौके पर संसद के सेंट्रल हॉल में मुख्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कांग्रेस को पार्टी फॉर द फैमिली, पार्टी बाय द फैमिली कहा। मोदी ने यह भी कहा कि संविधान बनाने वालों ने देशहित को सबसे ऊपर रखा, लेकिन समय के साथ नेशन फर्स्ट पर राजनीति का इतना असर हुआ कि देशहित पीछे छूट गया।

### यह कार्यक्रम राजनैतिक दल का नहीं था-पीएम

पीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम किसी राजनैतिक दल का नहीं था। किसी प्रधानमंत्री का नहीं था। यह कार्यक्रम स्पीकर पद की गरिमा थी। हमारे पूर्वज हमें आर्शीवाद दें कि हम संविधान की गरिमा बनाए रखें। हम कर्त्तव्य पथ पर चलते रहें।

### कर्त्तव्य पर बल दिया गया होता, तो अधिकारों की रक्षा होती- पीएम

महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन में अधिकारों के लिए लड़ते हुए भी देश को कर्त्तव्यों के लिए तैयार करने की कोशिश की थी। वे स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत विचार लाए थे। महात्मा गांधी देश को तैयार कर रहे थे। उन्होंने जो बीज बोए थे वे वटवृक्ष बन जाने चाहिए थे। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। अच्छा होता देश आजाद होने के बाद कर्त्तव्य पर बल दिया गया होता, तो अधिकारों की अपने आप रक्षा होती। मोदी ने कहा, आज का दिन अंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद जैसे दूरंदेशी महानुभावों को नमन करने का है। आज का दिन इस सदन को प्रणाम करने का है। आज 26/11 का भी दिन है। वो दुखद दिन, जब देश के दुश्मनों ने देश के भीतर आकर मुंबई में ऐसी आतंकवादी घटना को अंजाम दिया। भारत के संविधान में सूचित देश के सामान्य आदमी की रक्षा की जिम्मेदारी के तहत अनेक हमारे वीर जवानों ने उन आतंकवादियों से लोहा लेते-लेते अपने आपको समर्पित कर सर्वोच्च बलिदान किया। मैं आज उन सभी बलिदानियों को नमन करता हूं।

मोदी बोले, कभी हम सोचें कि हमें संविधान बनाने की जरूरत होती तो क्या होता। आजादी की लड़ाई, विभाजन की विभीषिका का बावजूद देशहित सबसे बड़ा है, हर एक के हृदय में यही मंत्र था संविधान बनाते वक्त। विविधिताओं से भरा देश, अनेक बोलियां, पंथ और राजे-रजवाड़े, इन सबके बावजूद संविधान के माध्यम से देश को एक बंधन में बांधकर देश को आगे बढ़ाना। आज के संदर्भ में देखें तो संविधान का एक पेज भी शायद हम पूरा कर पाते। क्योंकि, समय ने नेशन फर्स्ट पर राजनीति ने इतना प्रभाव पैदा कर दिया है कि देश हित पीछे छूट जाता है। उन्होंने कहा, साथियों, हमारा संविधान सिर्फ अनेक धाराओं का संग्रह नहीं है।

### 14 विपक्षी पार्टियों ने किया कार्यक्रम का बहिष्कार

देश की 14 विपक्षी पार्टियों ने संसद के केंद्रीय हॉल में होने वाले संविधान दिवस के कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया है। इनमें शिव सेना, NCP, समाजवादी पार्टी, राजद, ढ्ढरूरू और छ्रस्ब्य शामिल हैं। कांग्रेस और तृणमूल ने पहले ही कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस की अपील पर बाकी पार्टियों ने भी कार्यक्रम में न पहुंचने का ऐलान कर दिया। सोशल मीडिया पर PM ने दी बधाई 1949 में 26 नवंबर के दिन संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। PM मोदी ने ट्वीट करके लोगों को संविधान दिवस की बधाई दी। उन्होंने लिखा- सभी नागरिकों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं।

## भोपाल में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खाया

### दादी और पोती की मौत, तीन का अस्पताल में चल रहा इलाज

**भोपाल।** राजधानी के पिपलानी इलाके में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खा लिया। दो की मौत हो गई है। जहर खाने वालों में दो महिलाएं, दो बालिकाएं हैं। पुलिस ने गंभीर हालत में सभी को पटेल नगर इलाके के गायत्री अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां 16 वर्षीय पूर्वी और 80 वर्षीय नंदनी जोशी की मौत हो गई। पिपलानी थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि अशोक विहार कालोनी में रहने वाले संजीव जोशी मैकेनिक हैं। वह अपनी मां नंदनी जोशी, पत्नी अर्चना, दो बेटियों ग्रिश्मा, पूर्वी के साथ रहते हैं। पुलिस को गुरुवार-शुक्रवार रात साढ़े 12 बजे इसकी जानकारी मिली थी कि पांच लोगों ने चूहा मार जहर खा लिया। पुलिस अस्पताल पहुंचकर लोगों के बयान ले रही है।

### रीवा में पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो प्रबंधक 30 हजार रुपए की घूस लेते ट्रैप

**रीवा।** लोकायुक्त ने रीवा में पुस्तक निगम के डिपो प्रबंधक 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते पक? लिया है। इस मामले में मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम भोपाल के सहायक वित्त अधिकारी राहुल खरे सहायक वित्त को भी आरोपी बनाया है। व्याख्याता नरेंद्र कुमार मिश्रा से सातवें वेतनमान का लाभ और सितंबर 2017 से द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने के बदले में 2 लाख की रिश्वत मांगी गई थी। आरोप है कि 1.70 लाख राहुल खरे सहायक वित्त अधिकारी भोपाल ले चुके थे।

## फटाफट खबरें

### आज से रिचार्ज महंगा

**नर्द दिल्ली।** एयरटेल ग्राहकों के आज से कॉल और इंटरनेट महंगा हो गया है। कंपनी ने चार दिन पहले ही अपने प्रीपेड प्लान को महंगा करने का ऐलान किया था। ऐसे में आज से कंपनी के सभी 12 प्रीपेड प्लान महंगे हो गए। अब ग्राहकों को रिचार्ज के लिए मिनिमम 20 रुपए और मैक्सिमम 501 रुपए ज्यादा खर्च करने होंगे। वोडाफोन-आइडिया भी पुराने प्लान पर नई कीमतें लागू कर चुकी है। दोनों कंपनियों के प्लान और कीमतों लगभग एक समान हो चुकी हैं। देशभर में एयरटेल के 35 करोड़ और वोडाफोन-आइडिया के 27 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं। दोनों कंपनियों ने एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (ARPU) बढ़ाने के लिए टैरिफ प्लान महंगे किए हैं।

### पटियाला में ही हारे अमरिंदर, करीबी मेयर की कुर्सी नहीं बचा सके

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व सीएमकैप्टन अमरिंदर सिंह अपनी रियासत पटियाला का ही पावर गेम हार गए। वह अपने गढ़ में करीबी मेयर संजीव शर्मा बिट्टू की कुर्सी नहीं बचा सके। नगर निगम की मीटिंग में मेयर संजीव शर्मा बिट्टू के खिलाफ 36 वोट पड़े। वह विश्वास मत हासिल नहीं कर सके। इसलिए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। उनकी जगह सीनियर डिप्टी मेयर बतौर मेयर काम करेंगे।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 345 रन, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी शुरू

**कानपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। आज मैच का दूसरा दिन है और भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 345 रन का स्कोर खड़ा किया। दूसरे दिन 258/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए टीम ने 87 रन जोड़े और छह विकेट गंवाए। भारत की तरफ से श्रेयस अय्यर ने 105 रन बनाए। भारत के 345 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की तरफ से विल यंग और टॉम लाथम ने पारी की शुरुआत की है। जबकि भारत ने उमेश यादव और ईशांत शर्मा की तेज गेंदबाजी आक्रमण को गेंदबाजी पर लगाया है।

# कांग्रेस गुंडों को बढ़ावा दे रही है : वीडी शर्मा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को भोपाल के मिंटो हॉल में शुरू हो गई है। स्वागत भाषण में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने राजगढ़ में आयोजित पिछली कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णय का अनुमोदन करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक शुरू होने से पहले प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस गुंडों को बढ़ावा दे रही है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के पहले लगाए गए पोस्टर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फाड़े हैं। इसका जवाब जनता देगी। वहीं गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भोपाल और इंदौर में तीन दिन में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हो जाएगी।

बता दें कि भाजपा अब 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। विधायकों के साथ संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी। खासकर आदिवासी और दलित वोटबैंक को साधने के लिए सत्ता-संगठन के संयुक्त कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।



### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुरू

इसके साथ ही बैठकों के दौरान आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव पर भी फोकस रहेगा। जानकारी के मुताबिक बैठक का शुभारंभ सुबह 11 बजे हुआ। उद्घाटन सत्र में पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश सह प्रभारी पंकजा मुंडे, केंद्रीय मंत्री नरेन्द्रसिंह तोमर, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल व फग्गनसिंह कुलस्ते मौजूद है। बैठक में कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के आगामी कार्यक्रमों को लेकर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं प्रदेश में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर पार्टी के सह संगठन महामंत्री हितानंद जी सत्र को संबोधित करेंगे। बैठक के प्रारंभ में शोक प्रस्ताव पारित करने के पश्चात पिछली कार्यसमिति बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन होगा। बैठक के द्वितीय सत्र में राजनैतिक प्रस्ताव प्रस्तुत होगा। साथ ही, टीकाकरण की उपलब्धियों को लेकर टीकाकरण धन्यवाद प्रस्ताव एवं राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा।

### 1 से 6 दिसंबर तक होगी जिला बैठक

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि पार्टी के प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत सभी 1070 मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। एक से 6 दिसंबर तक जिला स्तर के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही सभी जिलों की कार्यसमिति की बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। मंडल कार्यसमिति की बैठकें 12 दिसंबर को होगी।

### 2 साल बाद हो रही एक्चुअल बैठक

बता दें कि कोरोना महामारी के चलते अब तक वर्चुअल बैठकों का दौर चला है। अब कार्यसमिति की यह एक्चुअल बैठक होने वाली है। इस एक दिवसीय बैठक में चार सत्र होंगे। इस बैठक को आगामी समय में होने वलो नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले राजगढ़ में 8 सितंबर को वर्चुअल बैठक हुई थी।

## कोरोना के नए रूप से सहमा बाजार सेंसेक्स करीब 1300 अंक लुढ़का



**मुंबई।** कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सुबह 10.41 बजे BSE सेंसेक्स 1,322.44 अंक या 2.25त्न की गिरावट के साथ 57,472 के लेवल पर आ गया। वहीं निफ्टी 405.85 अंक या 2.31% गिरकर 17,130 पर पहुंच गया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक कोविड-19 के नए वैरिएंट से इकोनॉमी की रिकवरी प्रभावित हो सकती है। इस डर से निवेशकों में घबराहट है और इतनी गिरावट देखने को मिल रही है।

### 11 में से 10 सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट में

फार्मा के अलावा बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट है। सबसे ज्यादा गिरावट रियल्टी, मीडिया और बैंकिंग स्टॉक्स में देखी जा रही है।

### सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयर लाल निशान में

सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयर लाल निशान में है। बढ़त वाले शेयरों में केवल डॉ. रेड्डीज है। सबसे ज्यादा गिरावट बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, मारूती के स्टॉक में देखने को मिल रही है।

## उगाही केस- ठाणे पुलिस के सामने पेश हुए परमबीर सिंह

**मुंबई ।** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह शुक्रवार को ठाणे में पुलिस अधिकारियों के सामने पेश हुए। उन्हें यहां दर्ज वसूली के एक मामले में समन भेजा गया था। इसी मामले की जांच के लिए सिंह शुक्रवार

### डीसीपी की निगरानी में हो रही जांच

सुबह 10.30 बजे अपने वकीलों के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचे। सिंह ने कहा कि वे सूत्रों के मुताबिक, जांच दल उनका बयान दर्ज करेगा। इस दौरान जोनल पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अविनाश अंबुरे खुद थाने में मौजूद रहे।ठाणे पुलिस ने इस साल जुलाई में बिल्डर केतन तन्ना की शिकायत के आधार पर सिंह और 28 अन्य के खिलाफ रंगदारी (वसूली) का मामला दर्ज किया था। मामले में सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। उनके अलावा इस मामले में इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा, इंस्पेक्टर राजकुमार कोठमिरे और डीसीपी देवराज भी आरोपी हैं। हाल में एक अदालत ने सिंह को भगोड़ा घोषित किया था और कई महीनों तक उनका कुछ अता-पता नहीं चल पाया था। वे गुरुवार को मुंबई पहुंचे। उनके आने के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने वसूली के एक अलग मामले में उनसे सात घंटे तक पूछताछ की। हाईकोर्ट ने कुछ दिन पहले ही सिंह को गिरफ्तारी से संरक्षण दिया था।

## कर्नाटक मेडिकल कॉलेज में कोरोना विस्फोट, संक्रमितों का आंकड़ा अब तक 182

**बैंगलुरू।** कर्नाटक के धारवाड़ में एक मेडिकल कॉलेज में कोरोना से संक्रमित स्टूडेंट और टीचर्स का आंकड़ा 66 से बढ़कर 182 हो गया है। कॉलेज में हाल ही में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया था, जिसके बाद कोरोना का आउटब्रेक हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, संक्रमित हुए लोगों में से अधिकतर को कोरोना के खिलाफ वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके थे। पार्टी के बाद कोरोना फैलने की आशंका से कॉलेज के 300 से ज्यादा छात्रों और टीचर्स का टेस्ट किया गया था। गुरुवार को रिजल्ट में 66 छात्र और शिक्षक पॉजिटिव पाए गए थे। ये सभी फुली वैक्सीनेटिड थे। आज और भी लोगों का टेस्ट किया जाएगा।

# टीएमसी कांग्रेस से छीन लेगी मुख्य विपक्षी पार्टी का ओहदा?



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव ने ममता बनर्जी की अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को शानदार जीत मिली थी। प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनी। इससे पहले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी बंगाल में शानदार प्रदर्शन किया था। 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) या सीपीआई (एम) और उसके वामपंथी सहयोगियों को नई विधानसभा में एक भी विधायक नहीं मिला है। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद ममता निश्चिंत से नहीं बैठीं। वह लगातार पार्टी के विस्तार में जुटी हैं। टीएमसी पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेताओं और विधायकों तो अन्य भारतीय राज्यों में कांग्रेस के नेताओं और विधायकों का लगातार शिकार कर रही है। ताजा मामला मेघालय का है, जहां कांग्रेस के 12 विधायकों ने टीएमसी का दामन थाम लिया। इससे अब पूर्वोत्तर राज्य में टीएमसी अब मुख्य विपक्षी दल बन जाएगी। अगर टीएमसी के विस्तार को राष्ट्रीय फलक पर देखें तो इन दिनों सियासी गलियारों में एक सवाल गूंज रहा है, क्या टीएमसी भारत में प्रमुख विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस की जगह ले सकती है? हालांकि न तो टीएमसी और न ही ममता बनर्जी ने इस आशय का कोई स्पष्ट दावा किया है, लेकिन उनकी विस्तारवादी नीति उनकी इस महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करते हैं।

### अब उद्धव और पवार से मिलने का प्लान, अगले महीने जाएंगी राजस्थान

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के विस्तार में जुटी हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ममता अपनी पार्टी को भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के विकल्प के तौर पर पेश कर रही है। अपने इन प्रयासों के बीच वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार से मिलने के लिए मंगलवार को मुंबई का दौरा करेंगी। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने उनकी मुंबई यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा कि ममता बनर्जी भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विपक्षी चेहरा हैं। ममता बनर्जी के गोवा, यूपी, मेघालय, त्रिपुरा और असम में तृणमूल कांग्रेस का विस्तार करने के बाद दिसंबर के पहले सप्ताह में राजस्थान का दौरा करने की भी संभावना है।

## वेटरनरी में यूक्रेन दूतावास

# सौभाग्य है एमओयू हुआ, ताजा हवा लेने आए हैं जबलपुर



### वीयू में अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, शामिल हुए यूक्रेन दूतावास अधिकारी

**जबलपुर यशभारत।** यूक्रेन के विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि उन्हें जबलपुर के नानाजी देशमुख विवि से शिक्षा ग्रहण करने मिलेगी। जबलपुर बहुत अच्छा शहर है, मैंने बहुत पढ़ा है जबलपुर के बारे में और बहुत से जानता हूं। यूक्रेन से ताजा हवा लेने जबलपुर आया हूं। यह बात नानाजी देशमुख विवि में आयोजित अंतराष्ट्रीय द्विपक्षीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए यूक्रेन दूतावास मिस्टर लेग्रो पोलिखा ने कही। उन्होंने कहा कि जबलपुर में मदन महल, मां नर्मदा, बैलेसिंग रॉक देखने लायक है। मालूम हो कि नानाजी देशमुख विवि ने यूक्रेन और न्यूयार्क यूनिवर्सिटी से एमओयू किया है। कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी निर्देशानुसार एवं यूक्रेन के दूतावास, नई दिल्ली भारत के साथ निकट सहयोगी में इंडिया सीआईएस चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, नई दिल्ली, अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय संगोष्ठी कुलपति सभागार कक्ष में शुक्रवार दोपहर 12 बजे आयोजन किया गया। इसके पश्चात मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर तिलक एवं माल्यार्पण कर सभी अतिथियों का कर गरिमामयी उपस्थिति में संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि का एच.ई मिस्टर लेग्रो पोलिखा, डॉ ज्योत्सना दुबे अध्यक्ष इंडिया सीआईएस, डॉ आर.के .जैन पूर्व अध्यक्ष, इंडिया, डॉ. राजीव चौधरी, उपाध्यक्ष, चैंबर ऑफकॉम इंडस्ट्री नई दिल्ली भारत द्वारा संबोधन किया गया । यूक्रेन के राजदूत लवन कोनोवालेव , वाणिज्यिक और आर्थिक प्रमुख, में यूक्रेन का दूतावास, डॉ.एन.एन. पाठक पूर्व निदेशक आईसीएआर सीआईआरबी भरत सिंह, मत्स्य पालन विभ निदेशक जीओवी . रवि बिनू कुमार एवं कुलपति द्वारा अलग अलग विषयों पर संबोधन किया गया। वि.वि. से के आदान प्रदान हेतु एक एमओयू साइन हुआ।

फोटोः बबलू

## 6.1 तीव्रता का भूकंप मिजोरम में डोली धरती

### कोलकाता व बांग्लादेश तक महसूस हुए झटके

**नई दिल्ली।** मिजोरम के थेनजोल में शुक्रवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप सुबह करीब 5:15 बजे आया। यूरोपीय-भूमध्य भूकंपीय केंद्र (ईएमएससी) की वेबसाइट और ट्विटर पर यूजर्स की प्रतिक्रियाओं के अनुसार, बांग्लादेश के चटगांव और पूर्वी भारतीय शहर कोलकाता में भी झटके महसूस किए गए। भूपंक का केंद्र आइजोल से लगभग 280 मील (450.62 किमी) दूर था। बांग्लादेश के चटगांव से सहमाए लोग घरों से बाहर निकल पाए। बांग्लादेश का यह शहर भूकंप के केंद्र से लगभग 184 किमी (115 मील) पश्चिम में है। अच्छी बात यह है कि अब तक किसी तरह के जानमान के नुकसान की खबर नहीं है। ईएमएससी और भारत की भूकंप निगरानी एजेंसी के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों और बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में झटके महसूस किए गए।



# कैमोर की खिलाड़ी नेहा ने राज्य स्तरीय कुश्ती में जीता रजत

कैमोर। प्रतिभाओं को अगर परिवेश न मिले तो बहुत सी प्रतिभाएं दम तोड़ देती हैं। प्रतिभाओं को न केवल प्रोत्साहन चाहिए बल्कि साधन और अवसर भी चाहिए। अगर इन प्रतिभाओं को निखार कर इन्हें अवसर दिया जाए तो ये अपने प्रदर्शन से न केवल नगर बल्कि जिला, प्रदेश और देश का नाम भी रोशन करती हैं। एसीसी की सी एस आर टीम ऐसी ही प्रतिभाओं को तराशने का काम करती है। सी आर एस द्वारा तराशी गई ऐसी ही एक खिलाड़ी नेहा कोल ने गत दिवस फ्री स्टाईल राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा में रजत पदक जीतकर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा में कटनी जिले को वैसे तो तीन रजत और तीन कांस्य पदक मिले हैं पर बालिका वर्ग में रजत पदक हासिल करने वाली कैमोर की नेहा कोल एक मात्र खिलाड़ी है। बीते मंगलवार को इन विजेता खिलाड़ियों के नगर आगमन पर सी एस आर की टीम ने बैंड बाजे के साथ इनकी जोरदार अगवानी की। एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी सहित एच आर विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने इन विजेता खिलाड़ियों और इन्हें प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षको का अभिनंदन किया।





### एसीसी की सी एस आर टीम के प्रयासों को मिली कामयाबी

बताया गया कि सी एस आर हेड एनेट विश्वास के नेतृत्व में सी एस आर की टीम कैमोर के आस पास की आबादी में ऐसे बच्चों की तलाश करती रहती है जिनमें प्रतिभा तो है पर साधन सुविधाओं के अभाव में उनकी प्रतिभा को अवसर नहीं मिल पाते। जिन बच्चों में खेल प्रतिभा होती है उन्हें एसीसी सी एस आर की द्रोण परियोजना के तहत विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाया जाता है। प्रशिक्षण से उनकी प्रतिभा में निखार आता है। नेहा कोल भी इसी द्रोण परियोजना में शामिल थी। पिछले दिनों जिला कुश्ती संघ द्वारा कटनी के फारेस्टर खेल मैदान में जिला स्तरीय कुश्ती स्पर्धा का आयोजन किया था जिसमे पूरे जिले से 42 बच्चे शामिल हुए थे। इनमें एसीसी की द्रोण परियोजना से 33 किलोग्राम वर्ग में नेहा कोल, 38 किलोग्राम बालक वर्ग से सत्यम नामदेव 75 किलोग्राम बालक वर्ग फ्री स्टाईल में आशीष मिश्रा, 85 किलोग्राम बालक वर्ग फ्री स्टाईल में सुधांशु सिंह का चयन राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ था। राज्य स्तरीय स्पर्धा में कटनी जिले से कुल 22 बच्चों ने हिस्सा लिया जिनमें 14 बालक और 8 बालिकाएं शामिल थीं। कैमोर के खिलाड़ी कोच चंदन चक्रवर्ती, अनूप श्रीवास, धरम वांस्कार और संतोषी के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए नीमच पहुंचे थे। नीमच में बीते 20 नवम्बर को सम्पन्न हुई इस स्पर्धा में प्रदेश के सभी जिलों से कुल 328 खिलाड़ी शामिल हुए जिनमे 22 खिलाड़ी कटनी जिले से थे। कैमोर की नेहा कोल सहित 22 में से 6 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। तीन रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम कर ये खिलाड़ी बीते 23 नवम्बर को अपने नगर वापस लौटे।

### दीपाली कल की शाइनिंग स्टार

खेल प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें तराश कर अवसर प्रदान करने वाली सी एस आर टीम की लीडर एनेट विश्वास ने बताया कि बरापार आदिवासी बस्ती में रहने वाली दीपाली चौधरी भविष्य की शाइनिंग स्टार है। सब उसे प्यार से छोटी बुलाते हैं। दीपाली एथेलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर के समकक्ष प्रदर्शन कर चुकी है। एसीसी की द्रोण परियोजना के तहत इस बालिका को भी विशेष रूप से प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा।



### बैंड बाजे के साथ हुआ विजेताओं का स्वागत

राज्य स्तरीय स्पर्धा के विजेताओं का स्वागत करने सी एस आर टीम लीडर एनेट विश्वास के साथ पूरी टीम उपस्थित थी। रजत पदक विजेता नेहा की मां अपनी बेटी की इस कामयाबी से इतनी खुश थी कि बैंड बाजे की धुन के साथ उनके पैर थिरकने लगे। बस स्टैंड में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर, पूर्व पार्षद संतोष केवट एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने भी खेल जगत के इन उभरते सितारों का स्वागत किया। पेट्रोल पंप बस स्टैंड से एसीसी ऑफिस के गेट तक सभी लोग उत्साह में नाचते गाते पहुंचे। एसीसी गेट पर डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी खुद अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विजेता खिलाड़ियों का इंतजार कर रहे थे। डायरेक्टर प्लांट ने सभी खिलाड़ियों का तिलक वन्दन कर उन्हें जीत की बधाई दी साथ ही यह भरोसा दिलाया कि आगे भी उन्हें एसीसी से हर सम्भव सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने खिलाड़ियों के कोच और टीम मैनेजर का भी शाल श्रीफ़ल से अभिनंदन किया।

## युवाओं को पशुपालन के क्षेत्र में आकर्षित करने अनेक योजनाएं





### तिलक महाविद्यालय में आयोजित हुआ संवाद कार्यक्रम

**कटनी।** 25 नवंबर को तिलक महाविद्यालय कटनी मैं युवा वर्ग को पशुपालन के क्षेत्र में आकर्षित करने हेतु युवा संवाद का आयोजन पशुपालन एवं डेयरी विभाग कटनी द्वारा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य चित्रा प्रभात ने छात्र छात्राओं को पशुपालन को रोजगार के रूप में कैसे अपनाएं इस पर अपना उद्बोधन दिया। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग कटनी डॉ0 आर0के0 सिंह ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित डेयरी, बकरी, शूकर एवं मुर्गी पालन सहित विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को पशुपालन को उद्योग के रूप में अपनाकर उद्यमी बनने हेतु राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना की जानकारी दी। डॉ0 आर0 के0 सोनी ने डेयरी ईकाई से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। डॉक्टर रवि कटारिया ने युवाओं को बकरी पालन कैसे करें से संबंधित विस्तृंत जानकारी प्रदान की। कृषि विज्ञान केंद्र, पिपरौंध के डॉक्टर आर0के0 मिश्रा एवं डॉ0आर0पी0बेन ने कृषि एवं पशुपालन से संबंधित जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 आदित्य अग्रवाल, डॉ0 मणि गुप्ता श्री वी0के0 मौर्य एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## बहोरीबंद में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

## 825 किलोग्राम महुआ तथा 4 लीटर अवैध शराब जप्त

**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को आबकारी वृत्त बहोरीबंद अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि गुरुवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम पटना, बरही और बचैया में दबिश दी गई। इस दौरान 825 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 4 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 5 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 41 हजार 850 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है।





## कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों को दिलाई कौमी एकता की शपथ

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार 25 नवम्बर को कौमी एकता दिवस के अवसर सामूहिक शपथ कार्यालय कलेक्टर परिसर में दिलाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को कौमी एकता की शपथ दिलाई। इस दौरार अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।



## साइकिल रैली के साथ हुआ कौमी एकता सप्ताह का समापन

### शासकीय मॉडल स्कूल में संगोष्ठी

**कटनी।** राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना प्रतिष्ठान नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर प्रियंक मिश्र एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी पी0पी0 सिह के सफल मार्गदर्शन में जिला स्तर पर 19 से 25 नवंबर 2021 तक कौमी एकता सप्ताह आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, विद्यालय स्तर पर किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 25 नवंबर 2021 को कौमी एकता सप्ताह के समापन दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन शासकीय मॉडल उमावि कटनी से किया गया। रैली का शुभारंभ शासकीय मॉडल स्कूल कटनी से नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। जिसके बाद यह रैली जिला न्यायालय, झिंझरी, कलेक्ट्रेट, नारायण शाह, गेट होते हुए पुनः शासकीय मॉडल स्कूल में संगोष्ठी के रूप में परिवर्तित हुई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिह द्वारा कौमी एकता की शपथ सभी सम्मिलित प्रतिभागियों को दिलाई गई। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं स्काउट गाइड रोवर रेंजर सम्मिलित हुए। रैली का संचालन ललित मिश्रा जिला संगठक स्काउट द्वारा किया गया एवं विषेष सहयोग नीरज कुमार दुबे प्राचार्य शासकीय मॉडल उमावि, गणेश प्रसाद चौरीहा स्काउट प्रभारी, अशोक उरमालिया शासकीय स्काउट प्रभारी उत्कृष्ट उ.मा.वि.कटनी, जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, एनसीसी अधिकारी मनोज पांडे, कुणाल गौतम, सजल तिवारी, एवं यातायात पुलिस द्वारा किया गया।





## उत्साह के बीच चुने गए छात्रसंघ प्रतिनिधि

**कटनी।** विगत दिवस डीपीएस में छात्रसंघ नेताओं हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ पर नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों नें अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर डीपीएस की प्रबंध निर्देशिका श्रीमती जूही जैन, प्रशासनिकअधिकारी सैयद नईम अख्तर, प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे, उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर की उपस्थिति गरिमामयी थी। वैसे तो छात्रसंघ चुनावी सरगर्मी अक्टूबर से ही प्राम्भ हो गयी थी जबकि परिणाम की घोषणा नवम्बर महीने में हुई। सभीउम्मीदवारों ने विजय हासिल करने के लिए अपनापूरा दमखम झोंक दिया। वहीं मतदाता छात्रो नें लोकप्रिय एवं मिलनसार छात्र नेताओ का चुनाव करने में दिलचस्पी दिखाई। शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय की प्रबंध निर्देशिका श्रीमती जूही जैन नें माँ वीणा वादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलिन एवं पुष्प गुच्छअर्पित किया। तदोपरांत आथित्य सत्कार की परंपरा की आगे बढाते हुए प्रबंध निर्देशिका प्राचार्या एवं उपप्राचार्या का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्वागत कार्ड भेंट कर किया गया। इसश्रृखला में वरिष्ठ परिषद् के अंतर्गत अनुदिश जैन प्रेसिडेंट, अनन्याजा आदि बच्चों ने अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ ज़िम्मेदारी निर्वाह करने का वचन दिया ष्इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शहजादा सर, आनंद सर, अभिषेक सर, पूनम मैडम, ऋचा झा मैडम, ऋचा टंडन मैडम, रजतसर, आशिद सर, धर्मेन्द्र सर, राकेश सर, नेहा मैडम, रजनीश सर, रोहित सर, व सभी शिक्षको ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपनी महत्त्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभाई। छात्रसंघनेताओं के शपथ ग्रहण पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यालय के संस्थापक उत्तमचंद जैन, शाखा निर्देशक अनुराग जैन सह शाखा निर्देशक अनुज जैन, ने सभी नेताओं को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संतोषजनक कार्य न होने पर निगमायुक्त ने रोका वेतन

**कटनी।** नगर निगम के माध्यम से संचालित योजनाएं डे- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्वरोजगार कार्यक्रम, व्यक्तिगत एवं समूह ऋण तथा प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता स्वनिधि योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति संतोषजनक न होनें के कारण निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति होनें तक योजना से संबंधित निगम में कार्यरत रविशंकर पाण्डेय, योजना प्रभारी एवं द्वय सिटी मैनेजर अमित प्रकाश एवं यश कुमार रजक का वेतन कार्य प्रगति संतोषजनक होनें तक रोके जानें के आदेश जारी किये है।

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 4 शो
ता. 25 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
सत्यमेव जयते-2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 4 शो
ता. 26 से
दोपहर 12, 3, 6 एवं रात्रि 9 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में

ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 26 से
दोपहर 12, 3, 6 एवं 9 बजे से
अंतिम
कलाकार-सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 26 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# टनल खुदाई के दौरान मिट्टी धसकने से धंसा ब्रिज का निचला हिस्सा, सुधार कार्य में लगा अमला

## अभी एक सप्ताह तक स्लीमनाबाद फोरलेन मार्ग मैं आवागमन रहेगा बंद





**कटनी।** बरगी व्यपवर्तन योजना के तहत चल रही टनल खुदाई का कार्य स्लीमनाबाद मैं राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मैं बने ब्रिज के समीप चल रहा था कि बुधवार की मध्य रात्रि मैं अचानक ब्रिज का निचला हिस्सा ध्वस्त होकर धसक गया।जिससे मिट्टी जमीन के अंदर धसकने लगी और बड़े आकार मैं गड्ढा हो गया । जिससे एक बार फिर टनल खुदाई कार्य बाधित हुआ।ब्रिज के निचले हिस्से के ध्वस्त होने की जानकारी एनवीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जो गुरुवार को सुबह मौके स्थल पर पहुँचे। एनवीडीए के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने बताया कि टनल खुदाई के दौरान मिट्टी धसकने की समस्या से ब्रिज का निचला हिस्सा धसक गया है। गनीमत यह रही कि जिस वक्त रात्रि के समय यह मामला घटित हुआ उस वक्त कोई व्यक्ति मौके पर नही था नही बड़ी जन हानि हो जाती।टनल खुदाई का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। फोरलेन मार्ग के एक हिस्से को पार कर दूसरे हिस्से को भी दो तीन दिनों मैं पूर्ण कर लिया जाएगा।इसके बाद ध्वस्त हुए ब्रिज के हिस्से को भरने का कार्य होगा। टनल खुदाई के दौरान अब तक 18 कटर टूट चुके है साथ ही 2847 रिंग पड़े है। नवम्बर माह मैं ब्रिज पर टनल खुदाई चलने से कार्य की गति धीमी रही।नवम्बर माह मैं 114 मीटर खुदाई का कार्य हुआ है। 12 किलोमीटर टनल खुदाई मैं अब 7 किलोमीटर टनल खुदाई का कार्य हो चुका है। जिसमें अप स्ट्रीम की ओर से 2.498 किलोमीटर व डाउन स्ट्रीम की ओर से 4.581 किलोमीटर खुदाई का कार्य हुआ है। लगभग 4.500किलोमीटर की खुदाई का कार्य शेष है। टनल खुदाई कार्य ब्रिज के पार करने के बाद दिसम्बर माह स्लीमनाबाद नगर की ओर कार्य चलेगा।स्लीमनाबाद के चिन्हित किये मकान मालिकों को अपने मकान खाली करानी की प्रक्रिया चल रही है।टनल खुदाई पूर्ण होने तक उन्हें अन्यत्र जगह रहना पड़ेगा।



# पंचायत चुनाव को लेकर कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य आयोग ने पंचायत आम निर्वाचन को लेकर नियुक्त किए गए आरओ व एआरओ को उनकी भूमिका व कर्तव्यों की जानकारी देने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं। जिस पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर शासकीय उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर में आरओ व एआरओ का जनपद पंचायत वार दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। गुरूवार को उत्कृष्ट स्कूल में जनपद पंचायत कटनी, रीठी और बड़वारा के सभी आरओ व एआरओ को पंचायत निर्वाचन में उनकी भूमिका व कर्तव्यों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते की मौजूदगी में आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी ने पंचायत निर्वाचन के दौरान नाम निर्देशन, आरक्षण की स्थिति, चेक लिस्ट तैयार करने, नाम निर्देशन पुनरीक्षण, नाम वापिसी, अभ्यर्थी की सूची तैयार करने आदि में आरओ व एआरओ की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नियुक्त आरओ व एआरओ की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। शासकीय उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर में 26 नवंबर को सुबह 11 बजे शाम 4.30 बजे तक जिले की जपद पंचायत बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा व विजयराघवगढ़ के आरओ व एआरओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# जिले में पहली बार आयोजित होगी मास्टर्स पैदल दौड़ स्पर्धा

## बैठक में लिया गया निर्णय



**कटनी।** कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में संपन्न हुई। जिसमें विगत दिवस आयोजित 100 मीटर मास्टर्स एथलेटिक्स रेस स्पर्धा की समीक्षा की गई तथा आगामी आयोजनों को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही आगामी दिसंबर माह में आयोजित किए जाने वाले एथलेटिक इवेंट पर चर्चा की गई। जिसमें सर्व सम्मति से रविवार 19 दिसंबर को जिला स्तरीय मास्टर्स पैदल दौड़ रेस वॉक स्पर्धा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें पुरुष वर्ग के लिए यह स्पर्धा 5 किलो मीटर और महिला वर्ग के लिए 2 किलो मीटर में आयोजित होगी। गौरतलब है कि यह स्पर्धा कटनी जिले के इतिहास में पहली बार आयोजित की जा रही है। बैठक में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष के एल कनकने, सचिव आलोक जोसफ, सह सचिव देवी सिंह डब्बू, मीडिया प्रभारी आदेश खरया, विभाष पाटिल, बृज मोहन प्यासी, सुशील श्रीवास, राजकुमार सोनखरे, डिंपल रजक, अफसाना खान आदि की मौजूदगी रही।

## संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारियों के लिये प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी अध्यादेश क्रमांक 14 सन 2021 के प्रभावशील होने के फ्लस्वरुप परिसीमन के आधार पर मतदाताओं को यथोचित् स्थान पर प्रविष्ट किये जाने के लिये संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारियों के जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कटनी द्वारा नियुक्त समस्त प्राधिकृत अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुये निर्धारित प्रारुप में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

# अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण पर की गई कार्यवाही





**कटनी।** नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू रखनें हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा दो पलियों के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो के अस्थाई अतिक्रमणों को हटानें एवं व्यवस्थित किये जानें की कार्यवाही की जा रही है इसके साथ ही स्थाई अतिक्रमण संबंधी शिकायत प्राप्त होनें पर प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही के प्रयास किये जा रहे है। अतिक्रमण प्रभारी एस.के. गर्ग नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया करानें के उद्धेश्य से निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज प्रातः स्टेट बैंक तिराहा से अहिंसा तिराहा एवं गांधी द्वार मुख्य मार्गो में सार्वजिनक मार्ग को अवरूद्ध कर रस्सी, पन्नी एवं तिरपाल आदि लगाकर व्यवसाय करनें वाले अस्थाई कपडा व्यवसाईयों को सार्वजनिक मार्ग से अलग करानें मार्ग को छोडकर रोड के किनारे से दुकान लगवानें की कार्यवाही की गई। सुगम यातायात की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आजाद चौक में समोसा एवं मंगौडी के ठेला वालों को व्यवस्थित किया जाकर निर्धारित स्थल से ही व्यवसाय करनें के निर्देश प्रदान किये गए।

भट्ठा मोहल्ला खेरमाई मंदिर के पास श्री कल्लू सिंह पिता मनमोहन सिंह के द्वारा मकान निर्माण संबंधी शिकायत प्राप्त होनें पर स्थल पर निरीक्षण किया जाकर सार्वजनिक मार्ग पर बढाकर किये जा रहे निर्माण कार्य की जांच की जाकर नियमानुसार निर्माण कार्य करानें की कार्यवाही की गई।



# नल कनेक्शन प्रदान करने हेतु पांच दिवसीय वार्डवार शिविर आयोजित

**कटनी।** अमृत योजना के तहत नगरनिगम सीमान्तर्गत नवीन नल कनेक्शन प्रदान किये जानें का कार्य नगर निगम द्वारा जा रहा है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 26 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक वार्डवार शिविर आयोजित करनें के निर्देश प्रदान किये है। योजना का लाभ प्राप्त करनें हेतु आवश्यक दस्तावेजों के तहत वित्तीय वर्ष की भवन टैक्स की रसीद, बिजली बिल, आधार कार्ड, राशन कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो, मोबाईल नंबर एवं आदेन शुल्क 20 रूपये के अलावा समान्य वर्ग हेतु कनेक्शन शुल्क 2900/- तथा गरीबी रेखा कार्डधारी हितग्राहियों के लिये शुल्क 1000/- निर्धारित है। आयोजित होनें वाले शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 01,02 एवं 03 के नागरिकों हेतु दिनांक 26 से 27 नवंबर को शासकीय माध्यमिक स्कूल पहरूआ, वार्ड क्रमांक 04 एवं 05 के नागरिकों हेतु दिनांक 28 से 29 नवंबर 2021 को बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, वार्ड क्रमांक 10,11 एवं 12 हेतु दिनांक 27 नवंबर से 29 नवंबर 2021 तक शासकीय स्कूल वीर सावरकर वार्ड, वार्ड क्रमांक 16,17 एवं 18 हेतु 26 नवंबर से 28 नवंबर तक नगर निगम जोन कार्यालय क्रमांक 3 खिहनी, वार्ड क्रमांक 19,20 एवं 21 हेतु 29 नवंबर से 30 नवंबर तक छात्र संग्राम परिषद स्कूल परिसर, वार्ड क्रमांक 34,35 एवं 37 हेतु दिनांक 26 नवंबर से 27 नवंबर को खेर माई मंदिर परिसर लखेरा, वार्ड क्रमांक 38,39,40,42 एवं 45 हेतु दिनांक 28 नवंबर से 30 नवंबर 2021 तक उपकार्यालय जोन क्रमांक 4 माधवनगर कटनी, वार्ड क्रमांक 41 एवं 44 हेतु दिनांक 27 से 28 नवंबर को आंगनबाडी केन्द्र कैरिन लाईन स्कूल के पास, वार्ड क्रमांक 43 हेतु दिनांक 29 नवंबर से 30 नवंबर तक शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी तथा नगरपालिक निगम कार्यालय के क्रक्ष क्रमांक 22 में प्रतिदिन शिविर का आयोजन किया जावेगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें वार्डवार आयोजित होनें वाले शिविरों में नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों एवं सहायक कर्मचारियों के दल का गठन कर निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर नल कनेक्शन से संबंधित कार्यवाही पूर्ण करनें के निर्देश प्रदान किये है।

# शिल्पकारों की कल्पनाओं ने लिया आकार, चेहरे पर आई खुशी

## प्रदर्शनी के लिए तैयार हुई शिल्पकलाएं,फाइनल टच देने में देर रात तक जुटे शिल्पकार



**कटनी।** जिस तरह से किसान खेतों में बीज बोता है और जब उसकी फसल लहलहाने लगती है तो उसके चेहरे की खुशी देखते बनती है, ठीक उसी तरह का माहौल इन दिनों जागृति पार्क में देखने को मिल रहा है। कटनी के स्टोन को देश विदेश में पहचान दिलाने आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में देशभर से आए शिल्पकार कटनी के स्टोन पर अपनी शिल्प को आकार देने में जुटे हैं। उनकी कलाकृतियां तैयार हैं और शिल्पकार देर रात तक उन्हें फाइनल टच देने में जुटे हैं। प्रदर्शनी स्थल पर कलाकृतियों को रखने का काम भी प्रारंभ हो गया है। शिल्पकारों ने कटनी के स्टोन को देखकर पहले दिन उसे कलाकृति का रूप देने की जो कल्पना की थी, कल्पना साकार हुई तो उनके चेहरों में अलग ही खुशी देखने को मिली। बुधवार की देर रात तक कलाकृतियों को फाइनल टच देने के दौरान शिल्पकार अपने साथियों के साथ सेल्फी लेने में व्यस्त रहे। जबलपुर के शिल्पकार विनय अंबर ने कहा कि 20 दिन की कड़ी मेहनत के बाद जब उनकी कला निखर कर आई है तो खुशी होती है कि जिस संकल्प को हमने अपने हाथ में लिया था, उसे सफलता पूर्वक पूरा किया है। इंदौर निवासी शिल्पकार जितेन्द्र बेगढ़ की कलाकृति भी बनकर तैयार है, उनका कहना है कि कटनी के स्टोन पर काम करने का अपना एक अलग ही अनुभव रहा है और अब कलाकृतियों को देखने आने वाले जब उसकी तारीफ करते हैं तो एक शिल्पकार का मन उतने में ही प्रसन्न हो जाता है।

## दो दिन शिल्पकलाओं को निहार सकेंगे लोग

एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कटनी के स्टोन का चुनाव करने के बाद उसे पहचान दिलाने जागृति पार्क में 9 नवंबर से कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसका समापन 28 नवंबर को होगा। उससे पहले देशभर से आए शिल्पकारों द्वार कटनी के स्टोन पर जो कलाकृतियां गढ़ी गई हैं, उनकी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। जागृति पार्क में 27 व 28 नवंबर को कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगेगी और लोग प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

# अवैध रेत खनन मामले पर जिला मजिस्ट्रेट ने लगाया 23 करोड़ से अधिक का जुर्माना

## रजरवारा क्रमांक-1 के महानदी घाट के खसरा क्रमांक 565 में खनिज राजस्व व पुलिस के संयुक्त दल ने की थी जांच

**कटनी।**

अवैध रूप से रेत खनन के एक मामले में महानदी के रजरवारा क्रमांक-1 के घाट में अवैध रूप से रेत का खनन करने के प्रकरण में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने 23 करोड़ रूपये से अधिक की शास्ति अधिरोपित की है। साथ ही मौके पर जब्त किए दो वाहनों को राजसात करने के भी आदेश जारी किए गए हैं। प्रकरण के संबंध में जानकारी यह है कि 14 जून 2019 को नायब तहसीलदार विजयराघवगढ़, थाना प्रभारी और खनिज अमले के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण के दौरान एक जेसीबी व एक रेत लदा हाइवा जब्त किया था। साथ ही रजरवारा क्रमांक-1 के महानदी घाट में संयुक्त दल ने ग्रामीणों की उपस्थिति में मौके का निरीक्षण किया। जिसमें सामने आया कि रजरवारा क्रमांक-1 के खसरा क्रमांक 565 नदी घाट क्षेत्र में रेत खनिज जमा है और मौके पर 19344 घनमीटर रेत का खनन पाया गया जबकि खसरा क्रमांक 565 में खनिज रेत हेतु कोई वैधानिक उत्खनिपट्टा स्वीकृत नहीं था।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री मिश्रा ने अवैध उत्खनन में प्रयुक्त जेसीबी का मालिक अमित सिंह वल्द यशवंत सिंह अमरपुर जिला उमरिया और जेसीबी का उपयोग कर खनिज रेत का अवैध खनन कराने वाले रजनीश सिंह वल्द ओंकार सिंह निवासी रजरवारा क्रमांक 1 तहसील विजयराघवगढ़ कटनी पर रेत नियम 2018 के नियम 23(1) एवं (1) (क) के अनुरूप शास्ति रायल्टी राशि का 60 गुना 11 करोड़ 60 लाख 64 हजार रूपये (ग्यारह करोड़ साठ लाख चौंसठ हजार रुपये) और नियमानुसार इतनी ही राशि 60 गुना 11 करोड़ 60 लाख 64 हजार रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए वसूल किए जाने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही इसके साथ ही अवैध उत्खनन में प्रयुक्त जेसीबी मशीन एम0-54-डीएम-0243 व जप्तशुदा हाईवा क्रमांक एमपी-21-एस-1057 को मध्यप्रदेश रेत नियम 2018 के नियम 23(1) के तहत शासन पक्ष में राजसात करने के का आदेश भी दिया है।

एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# नेशनल हाइवे पर उड़ रहे धूल के गुबार

## सांस व आंख की बीमारियों से पीड़ित हो रहे लोग, एनएचएआई जानकर बना अनजान

**कटनी।** कटनी-जबलपुर नेशनल हाईवे क्रमांक-30 पर फोरलेन सड़क के दोनों ओर पटरी में जमी धूल डस्ट की साफ-सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण नेशनल हाइवे पर जबलपुर से लेकर कटनी तक कई जगह धून के गुबार उड़ रहे हैं। फोरलेन सड़क पर उड़ती धूल के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। साथ ही फोरलेन सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान दोपहिया वाहन चालकों व राहगीरों का दम घुट रहा है। लोग इस समस्या से परेशान हैं लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अंजान बना हुआ है।



### छा जाता है अंधेरा

नेशनल हाइवे पर आवागमन करने वाले राहगीर व छोटे वाहन चालक बताते हैं कि लगभग दो माह से हाईवे पर धूल उड़ रही है। फोरलेन सड़क के दोनों ओर की पटरी पर भारी मात्रा में मिट्टी व धूल फैली है। यहां से भारी वाहन निकलने पर धूल उड़कर हवा में फैलती है, जिससे कुछ देर के लिए हाईवे पर अंधेरा छा जाता है। इस बीच भारी वाहन के बगल या पीछे चलने वाले वाहन चालक या राहगीर के लिए आगे बढ़ना परेशानी भरा होता है। कुछ वाहन चालक धूल के गुबार के बीच से निकलने के प्रयास में दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। बताया गया है कि फोरलेन सड़क पर कई जगह जमीन मालिकों द्वारा अपनी भूमि की पुराई कराई जा रही है। वह समीपस्थ पहाड़ियों से मुरम व मिट्टी खोदकर जमीन की पुराई के लिए हाईवा डंपर से लोडिंग व अनलोडिंग करा रहे हैं। इस कार्य के दौरान मिट्टी व मुरम हाईवे की पटरी व सड़क पर फैल गई है।


### वाहन चालक परेशान

सड़क की पटरी व आधी सड़क पर मुरम और मिट्टी की गर्द फैली होने से वाहनों के आने-जाने से धूल के गुबार उठते हैं। इस दौरान भारी वाहन के पीछे चलने वाले वाहन अन्य वाहनों के चालकों को नहीं दिखते हैं। साथ ही सड़क पर मुरम व मिट्टी फैली होने से दोपहिया वाहन फिसल भी रहे हैं। इस दौरान अत्यधिक धूल उड़ने से वाहन चालकों का दम घुटता है। दोपहिया वाहन चालकों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। रात में यह परेशानी दोगुनी हो जाती है। छोटे वाहन चालकों ने मांग की है कि फोरलेन के दोनों किनारों पर जमा धूल को तुरंत हटाया जाए, जिससे कि राहगीरों व छोटे वाहन चालकों राहत मिले और हादसे न हों।

# लोगों के बजट से बाहर हुआ टमाटर

## दाम कम मिलने के कारण अन्नदाता जिस टमाटर को सड़क किनारे फेंक देते थे, उसी टमाटर ने अपना रंग किया लाल

### तेज दामों ने बिगाड़ा सब्जी का जायका



**कटनी।** चंद माह पहले जिस टमाटर के दाम फुटकर बाजार में 10 से 20 रुपए किलो थे, थोक मंडी में दाम सही नहीं मिलने के कारण अन्नदाता टमाटर से भरी ट्रालियां सड़क किनारे ही फेंक जाते थे, उसी टमाटर ने अपना रंग लाल कर लिया है। टमाटरों के दामों के आए अचानक उछाल के कारण यह आम आदमी के बजट से बाहर होता जा रहा है क्योंकि शहर में टमाटर के दाम 50 से 80 रुपए किलो हो गए हैं। ऐसे में कई लोग तो दाम पूछकर ही लौट जाते हैं। टमाटर के दाम आसमान छूने के कारण जो सब्जी विक्रेता पहले ठेले भरकर टमाटर लाते थे। उनकी दुकान पर महज 2-4 किलो टमाटर शोपीस के रूप में नजर आता है। यहां आने वाले उपभोक्ता टमाटर के दाम तो पूछते हैं लेकिन इसके बाद लौट जाते या फिर उसकी जगह दूसरी सब्जियां ले लेते हैं। दुकानदारों की माने तो देशभर से टमाटर की डिमांड आने के कारण दाम में तेजी आई है। फिलहाल थोक बाजार में ही टमाटर काफी महंगा है, ऐसे में दुकानतक लाने का भाड़ा आदि जोड़ने के बाद भी कुछ नहीं बचता है। वहीं दूसरी ओर टमाटर ने घर का बजट और सब्जियों का स्वाद बिगाड़ दिया है।

### मंडी में 40 से 50 रुपए बिक रहा टमाटर

थोक मंडी में टमाटर के दाम 40 से 50 रुपए किलो तक बिक रहा है। जो फुटकर बाजार तक पहुंचकर सीधे 60 से 80 रुपए किलो बिक रहा है। ऐसे में दुकानदार भी उपभोक्ता को सचेत करता नजर आता है कि भई टमाटर लो तो हाथ लगाओ अन्यथा खराब मत कर देना क्योंकि एक भी टमाटर खराब होता है तो उन्हें भी नुकसान झेलना पड़ता है।





# भक्तिमय वातावरण में मना सांई जन्मोत्सव

### हुए विविध सेवाकार्य

**कटनी।** श्री सत्य सांई बाबा का जन्मदिन श्रद्धापूर्वक तीन चरणों में मनाया गया। सर्वप्रथम प्रातः 5: 06 पर साई जन्म सेलिब्रेशन के बाद वृहद प्रभातफेरी निकली जो शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई गोविंददेवजी मंदिर में संपन्न हुई। तत्पश्चात साईअभिषेक व बर्थडे सॉग हुआ। द्वितीय चरण दोपहर 12 बजे नारायण सेवा के साथ आरंभ हुआएजिसके अंतर्गत शहर में एवं ग्राम शिवराजपुर तथा ग्राम सुमेली में भोजन पैकेट वितरित किए गए। सायंकाल 5:30 से तृतीय चरण में नदीपार स्थित, सत्य ज्योत लॉन में सर्वधर्म के कर्णप्रिय भजनों का आनंद भक्तों ने गृहण किया। जबलपुर से पधारी डॉ. किरण खरे के आध्यात्मिक उदबोधन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विगत 30 वर्षो से निरीह मरीजो की निःस्वार्थ सेवा करने वाले श्री शारदा प्रसाद पटवा जी को व समय समय पर साई मेडिकल कैम्प में सेवा देने वाले चिकित्सक डॉ. राजेश अठ्या, डॉ.सुब्बाराव, डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव एवं सेवाभावी सतरंजन अग्रवाल को विभूति का तिलक लगाकर शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया। साई बालविकास क्लास के नन्हें.मुन्नों को पुरुस्कार व प्रमाण पत्र वितरण के बाद समिति की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत गीत् जीवन तुमने दिया है, संभालोगे तुम ने बहुत तालियां बटोरीं।



रक्तदान करने वाले समिति के युवा सेवादल सदस्यों की उपस्थित भक्तसमूह ने ह्रदय से तारीफ़ करी। जन्मोत्सव के समापन अवसर पर बहुत उत्साह से छोटे बच्चों ने केक काटा। समिति के जिलाध्यक्ष महोदय व समिति संयोजक ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। महामंगल आरती के पश्चात सभी ने भोजन प्रसाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य हो कि इसी तरह के अनेक आयोजन उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे व बरही में भी संचालित थे।

## आयुर्वेदिक औषधियों से असाध्य रोगों का किया जा रहा है उपचार

# शासकीय आयुष औषधालय रैपुरा में योग प्रशिक्षण






**कटनी/रीठी।** रीठी एक ओर जहां विदेश में लोगों का रुझान आयुर्वेदिक इलाज की ओर बढ़ रहा हैए वहीं अपने यहां यह चिकित्सा पद्धति बिल्कुल उपेक्षित है। यही हाल अन्य देशी चिकित्सा पद्धतियों का भी है रीठी जनपद के आयुष ग्राम रैपुरा में संचालित आयुष औषधालय के चिकित्सक डॉक्टर आशीष मिश्रा ने कल बुधवार को बताया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर रेपुरा में इस समय हैल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां योग सहायक द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जाता है योग और प्राणायाम कराया जाता है गैर संचारी रोगों का साप्ताहिक परीक्षण किया जा रहा है डायबिटीज ब्लड प्रेशर जैसे असाध्य रोगों को योग प्राणायाम एवं आयुर्वेदिक पद्धति से दवाइयों से ठीक किया जा रहा है सुबह भी निरोगी बनाया जा रहा है इसके अलावा आयुष डॉक्टर, आशीष मिश्रा ने एक जानकारी में बताया कि हमारे एओषधालय में हर्बल गार्डन को विकसित कर तैयार किया गया है, इसमें हमारे ग्रामीण जन या जो भी रोगी आते हैं उन्हें हमारे द्वारा औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी जाती है कि किन पौधों के एकिन किन बीमारी में उपयोग कर हम असाध्य रोगों में जड़ पत्तियां या इनके रस का सेवन कर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं इनमें अनेक पौधे आसपास के जंगलों में भी प्राप्त होते हैं, इसके अलावा एसमीपी ग्राम घुगरा नर्सरी से भी प्राप्त किये जा सकता है।




# एक दिन में 8 वारंटी गिरफ्तार

### रीठी पुलिस को विशेष अभियान में मिली सफलता

**कटनी/रीठी।** रीठी पुलिस को एक दिन मे 05 स्थायी और 03 गिरफ्तारी वारंट तामील करने में सफलता मिली है। बताया जाता है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों के तलाश अभियान के तहत रीठी पुलिस ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा उपपुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में सघन अभियान चलाया। जिसमें पुलिस को सफलता भी मिली और अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के 05 स्थायी वारंटी एवं 03 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए गए। जिन्हे न्यायालय में पेश किया गया। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि पकड़े गए वारंटियों में बड़गांव निवासी रेवती प्रसाद, गया प्रसाद सेन, नरेश पिता रतन लोधी, गुरजीकला निवासी रोहणी पिता दरबारी रजक, बड़गांव निवासी घसोटी पिता पन्नालाल पटेल, भागवत उर्फ महू पिता दल्लू पटेल, बिरूहली निवासी रामलाल चौधरी पिता रहली चौधरी व इतवरिया बाई पति रहली चौधरी शामिल हैं। वारंटियो की धरपकड़ में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक भोलाराम गुप्ता, जयचंद उइके, धर्मेन्द्र यादव, रमेश सिंह, योगेन्द्र सिहं राजपूत, आरक्षक सोनूलाल आर्मो, ग्राम रक्षा समिति सदस्य प्रभाकर दुबे की भूमिका रही।

# विश्व विरासत सप्ताह पर भितरीगढ़ किले की यात्रा

**कटनी।** इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति के संरक्षण संर्वधन एवं लोकव्यापीकरण करने में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संस्था भारतीय संस्कृति निधि इन्टैक के कटनी अध्याय द्वारा ढ़ीमरखेड़ा ब्लाक के भितरीगढ़ किले का भ्रमण किया गया। विरासत केवल गढ़ीए किला एवं पुरातत्व ही नहीं है हमारी जनजातियाँ भी भारतीय इतिहास एवं परम्परा के उदाहरण है एवं हमारी धरोहर हैं एवं आधुनिक समय में उन परम्पराओ एवं संस्कारो को बचाना एवं आज की पीढ़ी से परिचित कराया जाना अत्यावश्यक है। इन्ही उद्देश्यों को लेकर इन्टेक कटनी अध्याय द्वारा शाहडार के जंगलो में स्थित भितरीगढ़ किले के भग्नावेशों का शिकागो पब्लिक स्कूल के छात्रों के एक दल का भ्रमण कराया गया। गोड़ राजा कुन्दन शाह एवं उनके वंशज गब्बर शाह गोड़ साम्राज्य के भितरीगढ़ परगना गोड़ आदिवासी परगना था जिन्होनें अंगेज साम्राज्य से टक्कर ली। शाहडार की पहाड़ियों पर स्थित भितरीगढ़ जंगल के मध्य दुर्गम मार्ग पर



स्थित है जहाँ खच्चरए घोड़ेए हाथियों एवं पैदल ही पहुचाँ जा सकता था। वर्तमान में किले के भग्नावेश एवं परकोटा ही भग्नावेश के रुप में मौजूद है। साथ ही कुछ भग्न मूर्तिया कछुऐं के पेड़ के नीचे एक चबूतरे पर स्थापित है। वन संपदा एवं वन्य जीवों से परिपूर्ण इस स्थल से घाटीयों में स्थित भितरीगढ़ के तालाब का सुन्दर विहगंम दृष्य दिखना है। उल्लेखनीय है कि कटनी नदी का उदगम इसी तालाब हुआ है जिसके नाम पर जिले का नाम कटनी पड़ा है। स्थानीय जानकार छोटेलाल मरावी द्वारा किले एवं परगनादार की स्थानीय वृक्ष एवं वन उत्पादों उनके औषधीय महत्व तथा आर्थिक पहलू की जानकारी दी गई। इस अवसर पर इन्टेक कटनी अध्याय के मोहन नागवानी द्वारा छोटेलाल मरावी, शिक्षिका कु. रोशनी पाण्डे, जन भारती शिक्षा संस्थान के भरत नामदेव तथा वन विभाग के सहयोग के लिऐ आभार व्यक्त किया गया।

### मंदिर से मूर्तियां ले गए चोर

**कटनी।** कोतवाली के माईनदी घाट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से चित्रगुप्त की पीतल की मूर्तियां चोरी जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक माईघाट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में बदमाशों ने धावा बोला और अंदर से चित्र गुप्त की पीतल की मूर्तियां लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने राजेश शुक्ला की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# खेतों में नरवाई जलाना महंगा पड़ा किसानों को

### आधा दर्जन किसानों पर हुई एफआईआर

**कटनी।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नरवाई जलाने पर छह किसानों के विरुद्ध पुलिस ने मामला कायम किया है। उमरियापान थाना क्षेत्र के देवरी में राजस्व निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अकील को धारा 188 का आरोपी बनाया है। इसी तरह से बरही थाना के जगुआ पांच किसानों को आरोपी बनाया गया है। सुरेश कुमार, अमृत लाल, सुरेश, राजेन्द्र यादव, शिवप्रसाद प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद



भी खेतों में नरवाई जला रहे थे। प्रशासन की ओर से सभी किसानों से कहा गया है नरवाई से जलाने खेतों उर्वरकता नष्ट होती है। इसलिए किसी भी हाल में नरवाई को न जलाएं बल्कि जुताई कर उसे जैविक खाद किसान बना सकते हैं। चार दिन पहले ही बहोरीबंद में भी किसानों के विरुद्ध नरवाई जलाने पर पुलिस ने मामला कायम किया था। इसके बावजूद भी क्षेत्र के अन्नदाता मामला दर्ज होने के बाद भी नरवाई जलाने से नहीं चूके ।

**कार्यालय नगरपालिक निगम , कटनी ( म.प्र . )**
**पत्र क्रमांक/6486/ स्व.भा.मि./ 2021 कटनी दिनांक 25.11.2021**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 एवं म.प्र. राजपत्र( असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित पत्र क्रमांक एफ 5-2-2015-18-5, भोपाल दिनांक 24 मई 2017 एवं संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र . भोपाल के आदेश क्रमांक/शा-14/ स्व.भा.मि./ 2019/15392 भोपाल दिनांक 05.09.2019 अनुसार एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गाइड लाइन के बिन्दु कमांक 1.5 अनुसार 75 माईक्रोन से कम सिंगल यूज प्लास्टिक/पालिथीन जैसे डिस्पोजेबल प्लास्टिक वस्तुएं, प्लास्टिक कैरी, वैग्स, फूड पैकेजिंग, प्लास्टिक फ्लावर पार्ट, बैनर, झंडे, पैंट बाटल्स, कटलरी प्लेट्स, कप, ग्लास, स्ट्रा फोर्कस, स्पून्स, पाउच/शेसे आदि तथा थर्मोकोल व स्टेरोफोम से निर्मित सजावट एवं अन्य सामान को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है।

**सत्येन्द्र सिंह धाकरे, (आयुक्त) नगरपालिक निगम , कटनी**

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# दो दिन में रिक्त पड़े सभी पदों पर नियुक्ति के निर्देश से खलबली

## कटनी में युवा मोर्चा अध्यक्ष के साथ अनेक प्रकोष्ठों और समितियों में अब तक नहीं हुई नियुक्तियां

कटनी। मिशन 2023 की तैयारियों में जुटी भाजपा के लिए यह पूरा सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण है। भोपाल में जुटे प्रदेश भाजपा के तमाम दिग्गज प्रदेश भर के विधायकों और संगठन के प्रमुखों के साथ अगले विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने के साथ ही संगठन को दुरूस्त करने में जुटे हैं। संभागवार विधायकों से उनके रिपोर्ट कार्ड पर वन-टू-वन चर्चा के साथ ही विधानसभा क्षेत्र की मौजूदा स्थितियों और जातिगत समीकरणों पर गंभीरता से चर्चा की जा रही है। पार्टी बूथ स्तर पर माइक्रोप्लान तैयार कर रही है। इस बीच पार्टी को मैदानी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने साफ निर्देश दिए हैं कि दो दिन के भीतर सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी घोषित होने के साथ ही विभिन्न समितियों में कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कर दी जाए। आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जाना है, लिहाजा खाली पड़े पदों में दो दिन के भीतर सारी नियुक्तियां कर दीं जाएं। प्रदेश प्रभारी के निर्देशों के बाद स्थानीय स्तर पर हड़कंप मचा हुआ है क्योंकि प्रकोष्ठों से लेकर पार्टी की विभिन्न समितियों में बड़ी संख्या में पद रिक्त है। इन पदों पर इतनी जल्दी नियुक्तियां करना आसान काम नहीं। पता चला है कि आनन-फानन रिक्त पड़े मोर्चों और प्रकोष्ठों से लेकर समितियों के लिए नाम भेजे जा रहे हैं।

### नगरीय निकाय, पंचायत और विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए संगठन को दुरूस्त कर रही भाजपा, कार्यकर्ताओं को किया जा रहा एडजस्ट

स्थानीय स्तर की बात की जाए तो फिलहाल युवा मोर्चा अध्यक्ष का महत्वपूर्ण पद रिक्त है जबकि महिला मोर्चा में एक दिन पहले ही अध्यक्ष की नियुक्ति हुई है। इसके अलावा अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, किसान मोर्चा समेत अन्य मोर्चों में कुछ दिन पहले ही नेताओं की ताजपोशी हुई है। इतनी जल्दी इन मोर्चों के अध्यक्ष अपनी टीम तैयार भी नहीं कर पाए हैं, जबकि युवा मोर्चा में तो अध्यक्ष का ही इंतजार है। जानकारी के मुताबिक 17 प्रकोष्ठों में से अधिकांश प्रकोष्ठ या तो रिक्त पड़े हुए हैं या उनमें पुराने लोग ही काम कर रहे हैं। चिकित्सा, विधि, बुद्धजीवी, आर्थिक, सहकारिता, पूर्व सैनिक, सांस्कृतिक, बुनकर, शिक्षक, मछुआरा, व्यापारी, अंत्योदय, खेल, झुग्गी झोपड़ी, स्थानीय निकाय समेत अन्य प्रकोष्ठों में अब तक कार्यकर्ताओं को एडजस्ट नहीं किया जा सका है। अलावा इसके विभाग और समितियों में भी कार्यकर्ताओं को पद पाने की दरकार है। लंबे अरर्से से नियुक्तियों का मामला लटका हुआ है। उल्लेखनीय है कि अव्वल तो जिला संगठन की टीम घोषित होने में ही लंबा अरसा लग गया। जैसे-तैसे जिले की टीम घोषित हुई तो मोर्चों और प्रकोष्ठों में अब तक नियुक्तियों के दौर जारी है। कटनी में जिलाध्यक्ष के साथ अन्य नेताओं के तालमेल के अभाव में भी सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुनने और महत्व देने का काम लगातार पिछड़ता चला गया। ऐसे में संगठन के प्रति समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं को काम सौंपना भी किसी चुनौती से कम नहीं। अब जबकि प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष की ओर से दो दिन के भीतर नियुक्तियां किए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं ऐसे में स्थानीय तौर पर हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक कुछ प्रकोष्ठों और समितियों के लिए लिस्टिंग की गई है परंतु कई प्रकोष्ठ और समितियों के लिए किन्हें महत्व दिया जाए इस पर ही मंथन नहीं हो सका है। इस सबके बीच संगठन की गाइडलाइन भी यह है कि पार्टी में पीढ़ी परिवर्तन के लिए अधिक से अधिक युवाओं को मौका दिया जाए। पार्टी हर स्तर पर उम्र का बंधन लागू कर रही है। पहले जिलाध्यक्ष, इसके बाद पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्ष, इसके बाद प्रकोष्ठों और मोर्चों में भी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मौके देने के लिए पार्टी ने निर्देश जारी कर रखे हैं, यह बात अलग है कि कटनी में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के मामले में ही तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह को उम्र के मामले में समझौते करने पड़े जिसको लेकर प्रदेश स्तर पर उन पर उंगलियां भी उठीं।

### कटनी पर विशेष नजर



समूचे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में संगठन के लोगों की विशेष नजर है क्योंकि कटनी जिला प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। अपने क्षेत्र की संगठन से जुड़ी हर गतिविधि पर सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीधी नजर रख रहे हैं। नियुक्तियों में भी उनकी दिलचस्पी साफ नजर आ रही है। वे अपने जिले में नियुक्तियों के मामले में किसी भी तरह की चूक या लेटलतीफी नहीं होने देना चाहते, लिहाजा उन्होने सीधे निर्देश दे रखे हैं कि तय समय-सीमा समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को पदों में महत्व दिया जाए। जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली से नाराज और असंतुष्ट कार्यकर्ताओं और नेताओं से भी वीडी शर्मा सीधा संवाद रख रहे हैं और उन्हें अपने स्तर पर महत्व भी दे रहे हैं, यह कुछ मोर्चों में पिछले दिनों हुई नियुक्तियों से भी जाहिर है जिनमें जिले से अनुशंसा किसी नाम पर की गई, और घोषणा किसी और की हुई।



## बाजारों में रौनक, दुकानों में हो रही ग्राहकी

# ठंड की दस्तक, गर्म कपड़ों की डिमांड

कटनी। ठंड की दस्तक के साथ ही गर्म कपड़ों की दुकानों में ग्राहकी शुरू हो गई है। चौपाटी में भी तिब्बती बाजार सज गया है और यहां भी खरीददारी शुरू हो गई है। जैसे-जेसे ठंड का जोर बढ़ेगा, वैसे-वैसे ग्राहकी भी तेज हो जाएगी। त्योहारों से फुर्सत होने के बाद अब शादियों के लिए खरीददारी का दौर शुरू हो गया है। इसको लेकर बाजार में दुकानदारों ने नया स्टॉक भी मंगवा लिया है। इसके अलावा झंडा बाजार स्थित रूई बाजार में भी रौनक नजर आने लगी है। यहां रजाई, गद्दा और तकिया की खरीदी की जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ेगी। जिले के विभिन्न कस्बों के छोटे और बड़े दुकानदार भी ठंड को देखते हुए रूई बाजार खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। समय से पहले ठंड शुरू होने के कारण इस बार रूई का कारोबार करने वाले व्यापारियों को भी अच्छे व्यवसाय की उम्मीद है। पिछले करीब डेढ़ साल से कोरोना संक्रमण की मार झेल रहा बाजार अब त्योहार समाप्त होने के बाद गुलजार नजर आ रही है। रूई कारोबारियों ने बताया कि लॉकडाउन के बाद जब से बाजार लग रहा है, तब से यह पहला अवसर है कि बाजार में रौनक नजर आ रही है। कारोबारियों की मानें तो ठंड और शादियों दोनों का असर है। रूई बाजार में तीन प्रकार की रूई उपलब्ध है। जिसमें सेलन रूई 70 रूपए किलो, कोम्बर रूई 160 रूपए किलो व ब्रेक कुम्बा रूई 120 रूपए किलो के भाव में बिक रही है।

### बच्चों के गर्म कपड़ों की बिक्री भी बढ़ी

उधर शहर के कपड़ा बाजार में भी बच्चों के कपड़ों की खूब बिक्री हो रही है। ठंड बढ़ने और त्योहारी व शादियों के सीजन के कारण लोगों ने खरीदी करना शुरू कर दिया है। कपड़ा कारोबारी मगन जैन ने बताया कि त्योहारों के दौरान लोगों ने शादियों के लिए भी खरीददारी की। जिसको लेकर बाजार में अच्छी चहल पहल रही। अब त्योहार समाप्त होने के बाद लोग शादियों के लिए खरीददारी भी करने लगे हैं। सबसे ज्यादा मांग गर्म कपड़ों की है।

### बाजार में नहीं दिख रहा कोरोना का खौफ

बाजार में गर्म कपड़ों की खरीददारी सहित शादी ब्याह के लिए कपड़े लेने उमड़ रही भीड़ में कोरोना का खौफ नजर नहीं आ रहा है। लोग बिना मास्क के ही खरीददारी करते नजर आ रहे हैं। दुकानदारों से लेकर ग्राहक तक हर कोई लापरवाही करता नजर आ रहा है। इसी लापरवाही के चलते पिछले करीब डेढ़ साल से कोरोना संक्रमण का असर बढ़ा है, इसके बाद भी कहीं सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हो रहा है तथा लोग एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करते हुए खरीदी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के साथ भीड़ बढ़ेगी।

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

## दुकान के अंदर युवा व्यापारी ने लगाई फांसी

### कारण अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी



कटनी। रंगनाथनगर थाना अंतर्गत उपनगरीय क्षेत्र मंगलनगर में एक 31 वर्षीय युवा व्यापारी के द्वारा दुकान के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलनगर निवासी 31 वर्षीय जय पिता प्रमोद पाठक की घर में ही दुकान थी। जय ने दुकान के अंदर 24-25 नवंबर की दरम्यानीरात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरूवार की सुबह उसकी लाश दुकान के अंदर फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# आटो चालक को 6 माह का कारावास

### 500 रूपए अर्थदंड भी लगाया न्यायालय ने



कटनी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटनी द्वारा थाना बडवारा के प्रकरण में उपेक्षा और लापरवाही से वाहन चलाने का अपराध प्रमाणित पाते हुये अभियुक्त संजय साहू को धारा 279, 338 के अंतर्गत 6 माह का कारावास और 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ज्योति झारिया ने की। मामला 7 अक्टूबर 2015 को ग्राम बसाडी का है जहां स्कूल की छुट्टी होने के बाद फरियादिया सरिता यादव अपने घर ग्राम पड़वई जाने के लिये घटनास्थल बसाडी बस स्टैंड दुर्गा जी मंदिर पास मेन रोड किनारे खड़ी हुई थी। तब मैजिक में बैठने के लिये जाते समय एक ऑटो क्रमांक एम.पी.21आर-1259 जिसे आरोपी संजय साहू चला रहा था। तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक फरियादिया को टक्कर मार दी। जिससे सरिता यादव के दाहिने हाथ एवं दाहिनी आंख में चोट आई। थाना बडवारा द्वारा धारा 279, 388 का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया। न्यायालय द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर चोट पहुंचाए जाने का अपराध प्रमाणित पाया ।



सक्रिय भाजपा नेत्री
सीमा सोगानी जी
को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई
अंकित जैन लल्लन, अंकुर जैन वरदान, पुण्कर सिंघई, राजू जैन गब्बर, विज्जु जैन, अनिल जैन (अरिहंत), अमित सिंघई, सरत जैन (रज्जन), गोल्डी जैन, विनी जैन, प्रवीण सिंघई।

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com

## खेलते-खेलते कुएं में गिरी मासूम की मौत

कटनी। कैमोर थाना अंतर्गत सुरमा के सार्वजनिक कुएं में डूबने से एक 8 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जगबन्धु चौधरी की पुत्री नैनसी कुएं के समीप ही अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते-खेलते वह कुएं में गिर गई। जब तक उसके साथ खेलने वाले बच्चे समझ पाते, तब तक देर हो चुकी थी। इसके बाद साथ में खेल रहे बच्चों ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी, तब तक देर हो चुकी थी। जानकारी लगने पर ग्रामीण रस्सी के सहारे से कुएं के अंदर भी पहुंचे। इसके बावजूद बालिका की जान नहीं बच सकी। कैमोर पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।

## शशांक श्रीवास्तव की भाभी का निधन

कटनी। संतनगर नई बस्ती निवासी प्रतिष्ठत नागरिक शिशिर श्रीवास्तव की धर्मपत्नी एवं निवृत्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव की भाभी श्रीमती गुंजन श्रीवास्तव का आज दोपहर निधन हो गया। वे 57 वर्ष की थीं तथा कुछ समय से उनका इलाज चल रहा था। नागपुर में इलाज के दौरान हृदयाघात से उनकी सांस थम गईं। निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। अंतिम यात्रा कल शनिवार को प्रातः 10 बजे उनके संतनगर स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
नोट- बीपीएल कार्ड वालों को परामर्श शुल्क में विशेष छूट
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

दुनिया का नं.1 ब्रांड
SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additinal Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनरेटर अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

इयूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call -
9770037027

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
CITY PRIDE Cinema
Food Junction
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।। शेरवानी।। इंडो वेस्टर्न।। ब्लेजर।। कुर्ता जेकट
MUFTI
BLACKBERRYS
OCTAVE
KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)